Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 17 अगस्त, 2023

रेल मंत्रालय की 7 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को CCEA की मंज़ूरी

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs- CCEA) ने रेल मंत्रालय की सात परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है।

- मल्टी-ट्रैकिंग के प्रस्तावों से परिचालन में आसानी होगी तथा **भीड़भाड़** कम होगी, जिससे भारतीय रेलवे **(Indian Railways)** के **सबसे व्यस्त खंडों पर आवश्यक ढाँचागत विकास** सुनिश्चित होगा।
- **9 राज्यों के 35 ज़िलों को कवर करने वाली** परियोजनाएँ मौजूदा भारतीय रेलवे नेटवर्क को **2339 किलोमीटर तक** विस्तारित करेंगी तथा इन राज्यों के लोगों के लिये लगभग **7.06 करोड़ मानव-दिवस** रोज़गार सृजित करेंगी।
  - ये **खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट, फ्लाई-ऐश, लोहा तथा तैयार स्टील, क्लिंकर, कच्चे तेल, चूना पत्थर, खाद्य तेल** आदि जैसी विभिन्न वस्तुओं के परिवहन के लिये आवश्यक मार्ग प्रदान करेंगे।
- ये परियोजनाएँ जलवायु लक्ष्यों को बढ़ावा देने, **क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता** तथा एक **बहुमुखी कार्यबल बनाने, रोज़गार के अवसरों** को बढ़ाने के साथ संरेखित हैं।
- ये परियोजनाएँ **पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PM-Gati Shakti National Master Plan)** का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं के लिये निर्बाध कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करती है।

पारस्परिक मान्यता व्यवस्था को कैबिनेट की मंज़ूरी

हाल ही में **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (**CBIC**), राजस्व विभाग, भारत सरकार तथा ऑस्ट्रेलियाई सरकार के ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल को सम्मिलित करने वाले गृह मामलों के विभाग के बीच पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (MRA) को मंज़ूरी दे दी है।

- इस महत्त्वपूर्ण समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के लाइसेंस प्राप्त और विश्वसनीय निर्यातकों को सीमा शुल्क के माध्यम से उत्पादों की त्वरित निकासी में पारस्परिक पहुँचाना है।
  - **MRA व्यापार सुविधा में सुधार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सुरक्षा को बढ़ावा देता है क्योंकि यह विश्व सीमा शुल्क संगठन के मानकों के सुरक्षा ढाँचे के अनुरूप है।**
  - इस व्यवस्था का उद्देश्य ऑस्ट्रेलियन ट्रस्टेड ट्रेडर प्रोग्राम और भारतीय अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर कार्यक्रम को पारस्परिक मान्यता के तहत लाकर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है।

टिटिकाका झील

टिटिकाका झील जलवायु परिवर्तन **और सूखे के कारण गंभीर खतरे का सामना** कर रही है। यह **दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।**

- यह झील **बोलीविया और पेरू के बीच की सीमा** पर स्थित है, इसका जल स्तर लगभग रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया है।
- **वर्षा की कमी और बढ़ते तापमान के कारण वाष्पीकरण में वृद्धि की वजह से इस झील का प्रवाह और आयतन कम** हो गया है।
- इसके परिणामस्वरूप **नावें फँस जाती हैं तथा मछलियों की आबादी कम हो गई है।**
- यह झील **पौधों और जानवरों की 500 से अधिक प्रजातियों का वास स्थल है, जिनमें से कुछ स्थानिक और लुप्तप्राय** हैं।

CARIBBEAN SEA
ATLANTIC OCEAN
PERU
Lake Titicaca
BOLIVIA
PACIFIC OCEAN
ATLANTIC OCEAN
© Encyclopædia Britannica, Inc.
0
500
1,000 mi
0
500
1,000 km

//

'कूसनिा माने' पहल के माध्यम से महलिाओं को सशक्त बनाना

कर्नाटक की **'कूसनिा माने' पहल**, जसिे वर्ष 2023-24 के बज़ट में पेश कयिा गया है, यह**महलिाओं की श्रम शक्ति भागीदारी को बढ़ाने और लैंगकि असमानताओं को दूर करने की दशिा में एक प्रगतशिील वकिास का प्रतीक है।**

- इस **पहल का उद्देश्य 4,000 ग्राम पंचायतों में बाल देखभाल केंद्र स्थापति करना है** , जो मनरेगा के तहत कामकाज़ी माताओं और आसपास के अन्य लोगों की सहायता करेगा।
- **यह बच्चों की देखभाल के उत्तरदायत्वि को पुनर्वतिरति करके संभावति रूप से नरिंतर रोज़गार और अपस्कलिगि को सक्षम करके** महलिाओं के समक्ष आने वाले "तीन गुने बोझ" को संबोधति करता है।
- यह **'मातृत्व दंड' के मुद्दे को संबोधति करेगा,** जसिे महलिाओं के श्रम बल से पृथक रहने का मूल कारण माना जाता है।

और पढ़ें... मनरेगा, लैंगकि असमानता

यूक्रेन के अनाज व्यापार में सुलनिा चैनल की महत्त्वपूर्ण भूमकिा

- **रात में ड्रोन हमलों** के परणिामस्वरुप रूस ने **यूक्रेन की डेन्यूब नदी के कनिारे स्थति बंदरगाहों और अनाज भंडारण स्थलों** पर हमले करने का नरि्देश दयिा है।
  - यूक्रेन, जसिे "**ब्रेडबास्केट ऑफ यूरोप**" के रूप में जाना जाता है,की **अर्थव्यवस्था कृषि उत्पादों के नरि्यात पर काफी नरि्भर करती** है।
- **डेन्यूब नदी यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी है जो दस देशों से होकर बहती है और इस क्षेत्र के लयि एक प्रमुख परविहन मार्ग एवं प्राकृतकि संसाधन दाता के रूप में काम करती है।**
- ब्लैक सी ग्रेन पहल **समझौते** से **रूस के हाल ही में अलग होने के बाद** , यूक्रेन ने अनाज ले जाने के लयि **डेन्यूब डेल्टा** को अपने नए मार्ग के रूप में अपनाया।
- **सुलनिा चैनल** इस **"नए" व्यापार मार्ग का एक महत्त्वपूर्ण हस्सिा** है। यह डेन्यूब नदी की **63 कमिी** लंबी शाखा है जो महत्त्वपूर्ण **यूक्रेनी बंदरगाहों को काला सागर** से जोड़ती है। यह चैनल पूरी तरह से **रोमानयिा की सीमा के अंदर** है।

और पढ़ें...रूस-यूक्रेन संघर्ष

भारत और WHO डजिटिल स्वास्थ्य पर वैश्वकि पहल शुरू करेंगे:

- **भारत सरकर** और वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) गुजरात के गांधीनगर में चल रहे G-20 शखिर सम्मेलन के दौरान **डजिटिल स्वास्थ्य पर वैश्वकि पहल की शुरुआत** करेंगे।
- यह वैश्वकि पहल **स्वास्थ्य डेटा को एक साथ लाने, स्वास्थ्य प्लेटफार्मों को जोड़ने एवं वशि्व में डजिटिल स्वास्थ्य में नविश** पर केंद्रति है।
- **शखिर सम्मेलन का लक्ष्य** एक महत्त्वपूर्ण **अंतरमि मेडकिल काउंटरमेज़र (MCM)** स्थापति करना भी है। इसमें **भवषि्य की स्वास्थ्य आपात स्थतियिों में तैयार रहने के लयि 'नेटवर्क का नेटवर्क दृष्टकिोण'** शामलि है।
- **वशि्वव्यापी डजिटिल प्लेटफॉर्म के तीन मुख्य भाग होंगे:**
  - एक नविश ट्रैकर।
  - एक आस्क ट्रैकर (यह पता लगाने के लयि कि विभिन्नि लोगों को कनि उत्पादों और सेवाओं की आवश्यकता है।)
  - मौजूदा डजिटिल स्वास्थ्य प्लेटफार्मों का एक संग्रह।
- डजिटिल स्वास्थ्य **नवाचार और समाधान सार्वभौमकि स्वास्थ्य अभसिरण में सहायता** करेंगे तथा साथ ही **स्वास्थ्य सेवा वतिरण में भी सुधार** करेंगे।

और पढ़ें... राष्ट्रीय डजिटिल स्वास्थ्य मशिन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-17-august-2023